मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

विशेष सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा समाज कल्याण की छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्रों के आधार नम्बर का ऑथन्टिकेशन होने के पश्चात ही आनलाइन आवदेन करने हेतु नोटिफिकेशन जारी किया गया है। छात्रों के आधार नम्बर, छात्र का नाम, पिता/पति का नाम, लिंग व जन्म तिथि का मिलान "भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)" से आनलाइन वेरीफिकेशन के पश्चात सब्मिट किए जाने की व्यवस्था की गई है। विवरण निम्नवत् है:-

1. *सभी छात्र/छात्राओं के पास आधार नम्बर होना आनिवार्य है, जिन छात्रों का आधार कार्ड नही बना है उन्हे प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लेना चाहिए।*
2. *जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है, तत्क्रम में आधार कार्ड को अपने मोबाइल नम्बर से लिंक करा लें।*
3. *हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अंकित अपने नाम तथा अपने माता/पिता के नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड अपडेट कराना सुनिश्चित करें।*
4. *हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि को भी आधार कार्ड में अपडेट करा लें।*
5. *आधार कार्ड में लिंग (जेन्डर) गलत है तो उसको शुद्ध कराना भी अनिवार्य है।*

दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग के पत्र सं0 68/अ0स0क0/द0छा0वृ0/शु0प्रति0/2020-21 दिनांक 20 जून 2020 के अनुसार शैक्षिक सत्र 2020-21 से लाभार्थी पात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन पत्र में अंकित बैंक खाता विवरण आधार लिंक्ड (Seeded) होना अनिवार्य है। भविष्य में "आधार बेस पेमेन्ट (D.B.T.)" की स्थिति में ऐसे पात्र छात्र/छात्राओं के बैंक खातों में धनराशि का अंतरण बाधित होगा।

विगत वर्षो में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में बैंक खाता संबंधी विवरण में जनधन खातों, एफ0डी0 खातों अथवा एन0आर0आई0 खातों का अंकन करने के कारण छात्रों के अवेदन को बैंक स्तर पर रिजेक्ट कर दिया गया, जिससे धनराशि के अंतरण मे बाधा उत्पन्न हुई। अतः छात्र/छात्राओं का राष्ट्रीयकृत बैंक में सामान्य बचत खाता होना अनिवार्य है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अपना आधार कार्ड एवं अपना बैंक खाता अपडेट करा लें। ***सत्र 2020-21 में छात्रों द्वारा भरे गये आधार नम्बर, छात्र का नाम, माता/पिता का नाम व जेन्डर तथा जन्म तिथि का सत्यापन होने के पश्चात आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 भेजा जाएगा, उक्त ओ0टी0पी0 को आवेदन पत्र में भरने के पश्चात ही छात्र स्तर से आवेदन पत्र सब्मिट किया जा सकेगा।***

(M) 27/6/2020

आधिष्ठाता छात्र मामले
दिनांक: 27 जून, 2020

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/छात्रवृत्ति/570 /2020
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
01. वै0 सहायक कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
02. समस्त विभागाध्यक्ष।
03. कुलससचिव।
04. वेबमास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

Notice 27/6/2020

27/6/2020
आधिष्ठाता छात्र मामले